# प्रेमी ने ब्लेड से रेता प्रेमिका का गला

## नरवर कस्बे के गेस्ट हाउस में खूनी खेल

**शिवपुरी, 31 दिसंबर. जिले के नरवर कस्बे में प्रेमी ने अमर शांति गेस्ट हाउस में अपनी प्रेमिका को मिलने बुलाया और उसकी गला रेतकर हत्या कर दी.**

हत्या करने के बाद प्रेमी ने स्वयं बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी और पुलिस को बुलाने की कहने लगा. मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है.



जानकारी के अनुसार नरवर के अमर शांति गेस्ट हाउस में इमलिया में निवास करने वाला गोकुल अपनी प्रेमिका रिंकी कोली उम्र 35 साल को लेकर आया और एक कमरा बुक किया. गेस्ट हाउस प्रबंधन ने प्रेमी प्रेमिका को कमरा नंबर 144 बुक करते हुए रूम की चाबी दे दी. रिंकी कोली भी इमलिया गांव की रहने वाली है और विवाहिता है उसके चार बच्चे है. गोकुल का घर रिंकी के सामने ही था. जब से रिंकी की शादी हुई थी उसी समय के बाद गोकुल से उसका अफेयर शुरू हो गया था. आज गोकुल और रिंकी मिलने के लिए अमर शांति गेस्ट हाउस में मिलने के लिए आए थे. कमरे में गोकुल और रिंकी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और गोकुल ने ब्लेड से रिंकी की गला काट दिया जिससे उसकी तडप तडप के मौत हो गई. वारदात के बाद आरोपी का सरेंडर होटल में रुकने के करीब डेढ़ घंटे बाद, आरोपी गोकुल कमरे से बाहर निकला और वहां मौजूद लोगों से चिल्ला कर कहने लगा, मैंने रिंकी कोली को मार दिया है, पुलिस को बुलाओ और मुझे गिरफ्तार करवाओ. आरोपी की बात सुनकर गेस्ट हाउस स्टाफ और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही नरवर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची.

> पुलिस ने कमरे के अंदर से महिला का शव बरामद कर उसे अपने कब्जे में ले लिया है. आरोपी गोकुल को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है. रिंकी के पति चंदन सिंह मजदूरी का काम करते हैं. पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर डेढ़ घंटे के भीतर कमरे में ऐसा क्या हुआ कि गोकुल ने इतना बड़ा कदम उठाया.

# 85 लाख की परियोजनाओं को मिली गति : मोदी

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की. इसमें पांच राज्यों की बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की गई.**



इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति आधारित प्रणाली ने बीते 10 वर्षों में 85 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति देने में अहम भूमिका निभाई है. उन्होंने सुधारों की रफ्तार बनाए रखने और योजनाओं के समय पर क्रियांवयन के लिए 'प्रगति' की आवश्यकता पर जोर दिया. पीएम मोदी ने मुख्य सचिवों से योजनाओं की नियमित निगरानी करने और पीएमश्री स्कूलों को राज्य सरकारों के अन्य स्कूलों के लिए बेंचमार्क बनाने का निर्देश दिया. साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वह स्कूलों का निरीक्षण करें और कमियों को दूर कराएं. उन्होंने कहा कि कई परियोजनाएं मंशा की कमी से नहीं, बल्कि समन्वय की कमी के कारण अटकती हैं. पीएम मोदी ने कहा कि राज्य और केंद्र के संयुक्त प्रयासों से कई दशकों से अटकी परियोजनाएं राष्ट्रीय हित में पूरी की गई हैं. इनमें असम का बोगीबील रेल-सड़क पुल, जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भिलाई स्टील प्लांट का आधुनिकीकरण और गाडरवाड़ा व लारा थर्मल पावर प्रोजेक्ट शामिल है.

> बैठक में सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला क्षेत्रों से जुड़ी पांच अहम आधारभूत परियोजनाओं की समीक्षा की, जिनकी कुल लागत 40,000 करोड़ से अधिक है. वहीं, कैबिनेट सचिव ने प्रगति की उपलब्धियों पर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि किस तरह इस प्लेटफॉर्म ने मंत्रालयों और केंद्र-राज्य के बीच समन्वय को मजबूत कर योजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन और शिकायत निवारण में सुधार किया है.

# पुलिस ने तीन लोगों का निकाला जुलूस

**शराब पीकर वाहन दौड़ने वालों पर कार्रवाई**

**स्कूटी सवार को टक्कर मारने के बाद तोड़ा था बेरीकैट्स**




**उज्जैन, 31 दिसंबर. आगर रोड पर शराब के नशे में तेजगति से वाहन चलाने वाले चालक और उसके साथियों को पुलिस ने पीछा कर पकड़ा और उनका जुलूस निकाला.**

टवेरा वाहन चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारी थी और पुलिस का बैरिकेट्स तोड़ दिया था. चार पहिया वाहन टवेरा क्रमांक एमपी 13 टीए 2526 में सवार तीन युवक नशे की हालत में आगर रोड से मंगलवार रात निकले थे. उन्होंने अपनी रफ्तार से चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगर रोड पर स्कूटी सवार कनुज सुराना को टक्कर मार दी. तीनों वहां रुके नहीं और कोयला फाटक क्षेत्र में आकर पुलिस चेकिंग के लिए लगाया गया बैरिकेट्स तोड ?र भाग निकले. रफ्तार से दौड़ती टवेरा को पकडने् के लिए देवासगेट, जीवाजीगंज और चिमनगंज थाना पुलिस ने पीछा कर घेराबंदी शुरू की. सुदामा नगर मार्ग से देवास गेट पुलिस ने वाहन को रोक तीनों युवकों को हिरासत में लिया. तीनों ने पुलिस से अभद्रता शुरू कर दी. बमुश्किल उन्हें थाने लाया गया तो वहां भी जमकर हंगामा किया. तीनों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया यहां भी तीनों युवकों ने जमकर उत्पात किया.

# भिंड में सवर्ण समाज के लोगों ने थाना घेरा

## मनुस्मृति के साथ गिरफ्तारी देने पहुंचे परशुराम सेना के नेता

**भिंड, 31 दिसंबर. शहर में भीमराव अंबेडकर व मनुस्मृति को लेकर चल रहा विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है. सवर्ण समाज से जुड़े संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में कोतवाली थाना पहुंचे और मनुस्मृति के साथ गिरफ्तारी दी.**



शिवपुरी के खनियाधाना में भीम आर्मी द्वारा कथित रूप से मनुस्मृति जलाए जाने की घटना सामने आई थी. इस घटना से भिंड शहर में सवर्ण समाज के संगठनों में नाराजगी फैल गई थी. इसके विरोध में परशुराम सेना ने भीमराव अंबेडकर की आत्मकथा जलाने का ऐलान किया था. इसके बाद पुलिस ने परशुराम सेना और अन्य सवर्ण संगठनों के पदाधिकारियों पर नजर रखना शुरू कर दी थी. इन संगठनों ने अंबेडकर के पोस्टर जलाने की कोशिश की थी. बीते रोज प्रदर्शन के दौरान परशुराम सेना के जिला उपाध्यक्ष विनीत शर्मा उर्फ बंटी पुरोहित ने परेड चौराहे पर भीमराव अंबेडकर का पोस्टर जलाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया. इसके बाद जब अन्य पदाधिकारी परेड चौराहे पर विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंचे तो पुलिस ने अंबेडकर की आत्मकथा जलाने के प्रयास को भी रोक दिया.

> भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने थाने का घेराव किया और एफआईआर दर्ज करने की मांग की. पुलिस ने इस मामले में विनीत शर्मा उर्फ बंटी पुरोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था.इस मामले के तीसरे दिन परशुराम सेना, श्रीराम सेना और सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी हाथों में मनुस्मृति लेकर कोतवाली थाना पहुंचे. इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और मनुस्मृति के साथ गिरफ्तारी दी. विनीत शर्मा उर्फ बंटी पुरोहित ने खुद गिरफ्तारी दी, जिसके बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया.

## प्रदेश कांग्रेस ने भागीरथपुरा कांड में जांच कमेटी बनाई

**इंदौर.** इंदौर में अनेक लोगों के गंदा पानी सप्लाई होने से बीमार होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जांच कमेटी बनाई है. 5 सदस्यीय समिति 5 जनवरी तक जांच कर रिपोर्ट तैयार करेगी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर के भागीरथपुरा कांड को लेकर समिति बनाई है, जिसमें 5 वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया है. उक्त समिति दूषित पानी से 10 लोगों की मृत्यु और एक हजार से ज्यादा बीमार लोगों परिजनों से मुलाकात करेगी. पांच सदस्यीय समिति में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विधायक जयवर्धन सिंह, भंवरसिंह शेखावत, महेश परमार और प्रताप ग्रेवाल को शामिल किया गया है.

### एक नजर में

## सीवरेज योजना के समारोह में हुआ भूमिपूजन

**मंदसौर, 31 दिसंबर.** बुधवार को नगरपालिका परिषद के द्वारा गांधी नगर में मंदसौर नगर की बहुप्रतिष्ठित सीवरेज याजना अंतर्गत सीवर लाईन बिछाने एवं चेम्बर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया. अमृत 2.0 योजना अन्तर्गत लगभग 150.84 करोड़ रूपये की लागत से पूरे मंदसौर नगर के सभी 40 वार्डों में लगभग 280 कि.मी. की लम्बाई की सीवर लाइन बिछाई जायेगी और हर तीन मकानों (घरों) के बीच एक चेम्बर बनेगा. इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन कल भव्य समारोह में वार्ड नं. 39 के गांधीनगर क्षेत्र में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य में एवं नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया. भूमिपूजन समारोह में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्षगण मदनलाल राठौर, नानालाल अटोलिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्रीगण विजय सुराना, शिवराजसिंह राणा, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा मण्डल अध्यक्षगण अरविन्द सारस्वत, विनोद डगवार, भाजपा जिला मंत्री एवं पूर्व नपा सभापति पुलकित पटवा भी विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे.

## अम्बेडकर का अपमान सहन नहीं करेगी कांग्रेस




**ग्वालियर, 31 दिसंबर.** बाबा अंबेडकर के खिलाफ किसी भी प्रकार की अभद्र भाषा, अनुचित बयान या टीका-टिप्पणी को कांग्रेस कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी. कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने आज देश के महापुरुषों पर अभद्र भाषा और टीका टिप्पणी करने पर कहा कि बाबा साहेब जैसे महापुरुषों का अपमान न केवल संविधान की आत्मा पर प्रहार है, हमेशा से बाबा साहब और देश के सभी महान महापुरुषों का सम्मान करती आई है, और ऐसा कोई भी कार्य जो उनके योगदान को धूमिल करने का प्रयास करे, उसके खिलाफ जिला प्रशासन सख्त से सख्त कार्यवाही करे. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक क्रांतिकारी विचारक, समाज सुधारक और भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे. बाबा साहेब का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ गहरा जुड़ाव रहा है. बाबा साहेब ने महिलाओं, मजदूरों तथा शोषितों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की. सबसे बड़ा योगदान उनका है भारतीय संविधान का निर्माण, जो आजादी के बाद देश को एक मजबूत, समावेशी और न्यायपूर्ण ढांचा प्रदान करता है. अगर प्रशासन इस परं ध्यान नहीं देगा और दोषियों पर सख्ती नहीं बरतेगा, तो कांग्रेस कार्यकर्ता विवश होकर सड़कों पर उतरेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.

# शालू ट्रेडर्स ने छापे के बाद जमा किए 40 लाख



**कार्यवाही में जीएसटी की 12 सदस्यीय टीम रही शामिल**

**सीधी, 31 दिसंबर.** शहर के सोनांचल बस स्टैण्ड के समीप संचालित मेसर्स शालू ट्रेडर्स में जीएसटी टीम के छापा मार कार्यवाही के बाद प्रोपराइटर अरविंद कुमार गुप्ता ने स्टॉक आधिक्य के पेटे रुपए 40,21,810 अपनी स्वेच्छा से डीआरसी 03 के माध्यम से जमा किया. यह छापामार कार्यवाही माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 67(2 )की तहत की गई . बताया जा रहा है कि व्यवसाई के संबंध में प्राप्त शिकायतें एवं पोर्टल पर उपलब्ध डेटा एनालिसिस टीटीसी/कैश रेशियों तथा उनके द्वारा किए जा रहे कच्चे बिलों पर क्रय वि क्रय को आधार मानते हुए यह कार्रवाई की गई .

> मेंसर्स शालू ट्रेडर्स की दुकान में किराना गुड्स के साथ-साथ में ही पान मसाले का व्यवसाय भी किया जाता है. व्यापारी अरविंद कुमार गुप्ता के व्यवसाय स्थल और गोदाम पर एक साथ छापा कार्रवाई की गई थी. उनके द्वारा ट्रेडिंग अकाउंट प्रस्तुत नहीं किया गया था, जिसके चलते आज बुधवार को अकाउंटेंट द्वारा प्रस्तुत करने का समय दिया गया था. आज दिनांक को उनके द्वारा ट्रेडिंग अकाउंट प्रस्तुत करते हुए,उपलब्ध भौतिक स्टॉक का मूल्यांकन कार्य कराया. इस कार्यवाही में व्यवसाय स्थल एवं गोदाम पर स्थित स्टॉक का भौतिक सत्यापन कार्य किया गया.

# अपने मेडिकल से दवाई बिकवाते हैं डॉक्टर

**जिला विक्रेता औषधि संघ की कार्यकारिणी सभा में उठा मुद्दा**

**रतलाम, 31 दिसंबर. जिला औषधि विक्रेता संघ की चतुर्थ कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित हुई. इसमें चिकित्सकों द्वारा दवा पर्चा में गंदी लिखावट का मुद्दा उठा.**

बताया गया कि कुछ चिकित्सकों द्वारा अपने मेडिकल स्टोर से दवाईयों को बिकवाने के लिए इस तरह से प्रयास किए जा रहे हैं. बैठक में बताया गया कि हड्डी और चर्म रोग के चिकित्सक ये काम ज्यादा कर रहे है. बताया गया कि जिले में कुछ चिकित्सक जानबूझकर गंदी लिखावट में पर्चा लिखते है, ताकि सभी मेडिकल व्यवसायी उनकी लिखावट नहीं समझ सके. कुछ चिकित्सकों ने तो अपने मेडिकल खोल रखे है और दवाओं का स्टाकिस्ट भी उसे बना रखा है. इससे बाजार में उनकी लिखी दवा मिलती नहीं और मजबूरन निर्धारित दुकान से खरीदना पडती है.

इसमें औषधि वि क्रेताओं ने संघ से इस संबंध में जनहित तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया. कार्यकारिणी सभा जिला औषधि वि क्रेता संघ के अध्यक्ष जय छजलानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस मौके पर मध्य प्रदेश केमिस्टस एण्ड ड्रगिस्टस एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं विशेष आमंत्रित सदस्य चद्रप्रकाश जैन चंदू भैया विशेष रूप से उपस्थित रहे. उपाध्यक्ष प्रकाश चैरडिया (जावरा),सचिव अजय मेहता, सह-सचिव विनय लौढा एवं संगठन सचिव दीपक दोशी मंचासीन रहे. सभा में दवा व्यवसायियों की वर्तमान समस्याओं के साथ आगामी दिनों में प्रस्तावित वार्षिक आम सभा से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई. समस्याओं का समाधान अध्यक्षीय मार्गदर्शन में सामूहिक सहमति से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया. सभा का संचालन सचिव अजय मेहता ने किया. आभार दीपक दोशी ने माना. सभा में दिनेश बरमेचा, राजेश व्यास कमलचंद कटकानी, संजय पुगलिया, हर्ष शर्मा, पारस जैन, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# गौ हत्याओं के मामलों को लेकर निकाली रैली

## तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

**झाबुआ, 31 दिसंबर. जिले में गौ-हत्याओं की लगातार बढ़ती घटनाओं एवं पिछले दिनों सजेली के जंगल में हुई वारदात के बाद विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल में तीव्र आक्रोश है.**

इसी को लेकर विहिप गौ-रक्षा विभाग ने 31 दिसंबर, बुधवार दोपहर डीआरपी लाईन स्थित श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर से कलेक्टोरेट तक नारेबाजी के साथ विरोध रैली निकाली. बाद कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार सुनिलकुमार डावर को सौंपा गया. विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता डीआरपी लाईन स्थित श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर पर एकत्रित हुए. बाद



यहां जिले में लगताार बढ़ रहीं गौ-हत्याओं के मामले में कड़ा विरोध जताते हुए विरोध रैली निकाली गई. यह रैली कलेक्टोरेट पहुंची. जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जिले में बढ़ रहीं गौ-हत्याओं को रोकने एवं ऐसे मामले में सख्त कदम उठाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया गया. विरोध प्रदर्शन विहिप धर्म प्रसार के जिला प्रमुख कमलसिंह महाराज के नेतृत्व में किया गया. वहीं ज्ञापन का वाचन विहिप धर्म प्रसार के प्रांत परावर्तन प्रमुख राजूभाई निनामा ने किया. इस दौरान विहिप धर्म प्रसार जिला प्रमुख कमलसिंह महाराज अपने हाथों में जिले के आदिवासी समाज सुधारक संत श्री खुमसिंह महाराज की तस्वीर के साथ एवं अन्य युवा कार्यकर्ता अपने हाथों में गौ-माता को बछड़े को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे. पदाधिकारी ने गौ-हत्याओं के बढ़ते मामलों पर तीन दिनों के भीतर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की गई, अन्यथा विहिप गौ-रक्षा विभाग द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई.

## एसिड पीने वाली महिला की मौत

**उज्जैन.** चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर में रहने वाली पुष्पा पति राजेश महावर 38 साल को मंगलवार शाम एसिड पी लिया था. जिनकी उपचार के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई. चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है. बताया जा रहा है कि पुष्पा का खाना बनाने की बात को लेकर पति से विवाद हुआ था. इसके बाद उसने घर में टॉयलेट साफ करने के लिए रखा एसिड पी लिया था. पुलिस परिवार के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी.



# बदमाशों ने प्राचार्य की कुर्सी पर लगाया गूंगे, बहरे व अंधे का पोस्टर

**कॉलेज में घुसकर मारपीट करने वालों खिलाफ केस दर्ज**

**शाजापुर, 31 दिसंबर. लालघाटी थाना पुलिस ने कॉलेज में घुसकर छात्रों के साथ मारपीट करने व धमकाने के आरोप में चार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.**

इस मामले को लेकर एनएसयूआई ने भी कॉलेज पहुंचकर विरोध जताया. हालांकि प्राचार्य के न होने से उनकी चर्चा तो नहीं हो सकी, लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य की कुर्सी पर गूंगे, बहरे व अंधे प्राचार्य का पोस्टर चस्पा कर अपना विरोध जताया.

मंगलवार को नगर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में हुई मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटैज सामने आया था. वीडियो आने के बाद लालघाटी पुलिस ने कार्रवाई की है. इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. यह कार्रवाई छात्र विजय धाकड़ की शिकायत पर की गई है. लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि फरियादी विजय धाकड़ 22 निवासी सुनेरा बीकेएसएन कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है. छात्र ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब 1.30 बजे वह कॉलेज परिसर में धूप में बैठा था. इसी दौरान पुरानी रंजीश को लेकर विकास सावले अपने साथियों मनीष नाथ, बालू सौराष्ट्रीय और मनीष पवैया के साथ वहां पहुंचा. उन्होंने छात्र के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी. जब छात्र ने गाली देने से मना किया, तो चारों ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की. शिकायत के अनुसार विकास सावले ने पास पड़े लोहे के पाइप से छात्र के सिर पर वार कर घायल कर दिया. मारपीट के दौरान विजय के दोस्त अरविंद चोखटिया और सुनील गुर्जर बीच बचाव करने पहुंचे. आरोपी जाते-जाते छात्र को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए. पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से पहले घायल छात्र का मेडिकल कराया है और मामले में आगे की जांच जारी है.

पीड़ित छात्र विजय धाकड़ ने बताया कि हमलावरों का आपसी विवाद चल रहा था. उसने सोमवार को एक्सीलेंस ग्राउंड में उन्हें समझाने की कोशिश की थी. उसी दौरान एक युवक को थप्पड़ लग गया था.

**पूजन** उप मुख्यमंत्री ने रूद्राभिषेक कर मंदिर परिसर में पीपल के वृक्ष का किया रोपण

# भैरवनाथ मंदिर को मिला भव्य-दिव्य स्वरूप

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 31 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से गुढ़ के समीप स्थित भैरवनाथ मंदिर को भव्य दिव्य स्वरूप मिला है.**

भैरवनाथ मंदिर परिसर को आकर्षक और बेहतरीन बनाने का कार्य अंतिम चरण में है. सभी कार्य पूर्ण हो जाने पर भैरवनाथ लोक का पूर्ण विकसित व सुंदर स्वरूप होगा. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भैरवनाथ मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की तथा रूद्राभिषेक किया. उन्होंने भैरवनाथ की पूजा भी की. प्रयागराज के वैदिक



आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई. इस दौरान गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने गुढ़ विधायक के साथ पीपल के पौधे लगाये.

> उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरवनाथ लोक का लोकार्पण जनवरी माह के अंत में मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जायेगा. उन्होंने कहा कि विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह के संकल्प की पूर्ति हो रही है और भैरवनाथ लोक अपने दिव्य व भव्य स्वरूप में सामने है. श्री शुक्ल ने कहा कि इस धार्मिक स्थल को आकर्षक बनाने के प्रयास किये गये हैं. ग्यारह सौ वर्ष पुरानी आस्था को नया स्वरूप मिला है. यह स्थल धार्मिक स्थल के साथ ही पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित होगा.

# हेराफेरी करने वाली फर्म ने सरेंडर किए 25 लाख रुपए

**जबलपुर, 31 दिसंबर. स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की शहर के अलग-अलग 7 स्थानों पर स्टील मैटल और स्‍ क्रैप कारोबारियों के ठिकानों पर हुई छापेमारी के बाद उजागर हुए 10 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़ा मामले मंगलवार को टैक्स चोरी करने गड़बड़झाला के साथ हेराफेरी करने वाली आशीष कोटवानी फर्म ने भी 25 लाख सरेंडर कर दिए है.**

अब तक तीनों फर्मों से कुल 70 लाख रुपए नगद जमा कराये जा चुके है. डिप्टी कमिश्नर नवीन धुर्वे ने बताया कि आशीष कोटवानी फर्म में प्रो द्वारा लेखा पुस्तके प्रस्तुत की गई. आशीष कोटवानी द्वारा जांच पश्चात प्रारंभिक रूप से टैक्स चोरी स्वीकार करते हुए 25 लाख रुपए नगद जमा किया गया. शेष राशि जांच पश्चात और जमा किया जाएगा. कार्यवाही में मुख्य जांच अधिकारी मनीष जैन सहायक आयुक्त राज्य कर जबलपुर के द्वारा राशि जमा करवाई गई. सोमवार को तेजस मेटल में गोपीनाथ शर्मा सहायक आयुक्त राज्य कर द्वारा कुल 22 लाख रुपए, अक्षरा मेटल में रविन्द्र सनोडिया सहायक आयुक्त राज्य कर द्वारा 23 लाख रुपए नगद जमा कराए गए थे. तेजस मेटल एवं अक्षरा मेटल में कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है इस प्रकार तीनों फर्मों से कुल 70 लाख रुपए नगद जमा करवाया गया.